तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 3 जुलाई 2025

10 उचाना में उद्योग स्थापित होने से युवाओं को मिलेगा....



10 कार्तिक राणा ने जीती 41 हजार की कुश्ती



## खबर संक्षेप

### हवाई फायरिंग-धमकी देने पर चार नामजद

**जींद।** गांव सिरसाखेड़ी में रंजिशन हवाई फायर करने, गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ दहशत फैलाने, शस्त्र अधिनियम, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।
गांव सिरसाखेड़ी निवासी राजबीर ने पुलिस को शिकायत दी।

### अवैध नशा मुक्ति केंद्र चलाने के आरोपी काबू

**कैथल।** गांव अजीमगढ में अवैध नशा मुक्ति केंद्र चलाने के मामले की जांच चौकी महमुदपुर प्रभारी एएसआई राजेश की टीम द्वारा करते आरोपी चाबा निवासी ईश्वर, भटिंडा पंजाब निवासी गौरव तथा समाना पंजाब निवासी प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया गया। डा.नवराज सिंह डीएनओ की टीम ने 1 जुलाई को अजीमगढ में अवैध रुप से चलाए जा रहे केंद्र पर रेड की गई।

### व्यक्ति की जेब से एक लाख उड़ाए

**जींद।** सफीदों में बुधवार को बैंक में दो महिलाओं ने एक व्यक्ति की जेब से एक लाख रुपये की राशि को चोरी कर लिया। वारदात को अंजाम देकर दोनों महिलाएं फरार हो गई। शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है।
गांव रोहड निवासी कश्मीर सिंह ने बुधवार को सफीदों के पीएनबी बैंक से एक लाख रुपये निकलवाए थे। कश्मीर सिंह ने राशि को अपनी जेब में रख लिया था।

### आत्महत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले की जांच थाना राजौंद पुलिस के एसआई ईश्वर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव कुक्करकंडा निवासी करनैल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुक्करकंडा निवासी राजेश कुमार की शिकायत अनुसार चचेरा भाई दिलबाग से 24 मई को गांव के ही करनैल सिंह व अन्य ने धोखाधड़ी कर पक्का ब्याना के नाम से जमीन की रजिस्ट्री नाम करवा ली थी।

### बायो गैस प्लांट से लाखों के कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द बायो प्लांट से लाखों रुपये के उपकरण गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मंगाली निवासी नसीब ने पुलिस को शिकायत दी है।

### अफीम बरामदगी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 2 किलो 608 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में यूपी से अफीम लाने में साथ रहने वाले आरोपी को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 जून को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम द्वारा गुप्त सूचना पर हाबड़ी गेट पूंडरी निवासी शिवम शर्मा के मकान पर दबिश देकर आरोपी शिवम शर्मा को काबू किया गया।

### कबड्डी अकादमी से दस्तावेज गायब

**जींद।** गांव लिजवाना कलां कबड्डी अकादमी से दस्तावेज गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लिजवाना कलां निवासी दिनेश ने पुलिस को शिकायत दी है।

### मकान से जेवरात और नकदी चोरी

कैथल। महादेव कॉलोनी से एक मकान से हजारों के सोने में चांदी के जेवरात और नकदी चुरा कर ले गए। महादेव कॉलोनी कैथल के पंकज मदान ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जून की रात को कर उसके मकान में घुसकर वहां पर रखे सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिए है।

# नगर पालिका चीकाः चौबीस घंटे में निलंबन पर रोक, पार्षद डाल सकेंगे वोट

## पालिका उपाध्यक्ष की कुर्सी पर गहराया संकट, सियासी घमासान में एक बार फिर विपक्ष ने बाजी पलटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

नगर पालिका चीका में चल रहे सियासी घमासान में एक बार फिर विपक्ष ने बाजी पलट दी है। वार्ड नंबर 14 के पार्षद जितेंद्र कुमार, जिन्हें सोमवार को निलंबित किया गया था, उनके निलंबन आदेश पर मंगलवार को स्थगन (स्टे) लग गया है। अब जितेंद्र कुमार 3 जुलाई को उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कर सकेंगे। डायरेक्टर ने किया सस्पेंड, कमिश्नर ने दिया स्टे

एक जुलाई को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के डायरेक्टर पंकज कुमार ने पार्षद जितेंद्र कुमार को हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 की धारा 14ए(1) के तहत निलंबित किया था। मगर पार्षद ने इस आदेश के खिलाफ धारा 14ए(3) के अंतर्गत अपील दायर की। विभाग के सचिव एवं आयुक्त विकास गुप्ता ने 2 जुलाई को पार्षद के निलंबन आदेश को आगामी निर्णय तक स्थगित कर दिया। आदेश में कहा गया है कि पार्षद को अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया गया था और जिस एफआईआर (नं. 21, दिनांक 20 जून 2025) के आधार पर निलंबन हुआ, वह अब भी जांचाधीन है। इसलिए निलंबन आदेश संख्या 4एई/2025/13490 को फिलहाल रोक दिया गया है और जितेंद्र फिर से पार्षद पद पर बने रहेंगे।



### रिश्वत मांगने के आरोप में दर्ज एफआईआर

पार्षद जितेंद्र कुमार पर आरोप है कि उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव से दूरी बनाने के एवज में 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता मिंकु सिंगला ने उनकी रिकॉर्डिंग एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला को सौंपी, जिस पर 20 जून को एफआईआर दर्ज की गई। दो अन्य पार्षद भी जांच के घेरे में हैं। इसी एफआईआर के आधार पर निलंबन की कार्रवाई हुई थी।

### अविश्वास प्रस्ताव पर नजरें

नगर पालिका चीका में कुल 17 पार्षद हैं। उपाध्यक्ष को हटाने के लिए 12 वोट जरूरी हैं। जितेंद्र कुमार की वापसी के बाद फिलहाल विपक्ष के पास 12 पार्षदों का समर्थन दिख रहा है। ऐसे में गुरुवार को प्रस्ताव पास होने की संभावना प्रबल मानी जा रही है।

### सत्ता पक्ष की चिंता बढ़ी

अब तक आश्वस्त दिख रहा सत्ता पक्ष बुधवार को चिंतन-मंथन में व्यस्त नजर आया। विपक्ष की सक्रियता और जितेंद्र की वापसी ने उपाध्यक्ष पूजा शर्मा की कुर्सी पर संकट और गहरा दिया है। अब सभी की निगाहें 3 जुलाई को होने वाली बैठक पर टिकी हैं।

## अस्पताल प्रशासन ने बजट की उठाई मांग

# डीजी के आदेशों पर भी अस्पताल तैयार नहीं कर पाया प्राइवेट रूम

## नागरिक अस्पताल में बने प्राइवेट रूम की जांच करने पहुंचे डीजी हेल्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बुधवार दोपहर को डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला पहुंचे। अस्पताल अधिकारियों के साथ पुरानी बिल्डिंग में बनाए गए प्राइवेट रूम की जांच की। इसमें कई तरह की खामियां भी मिली। जिनको ठीक करवाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एक नर्सिंग ऑफिसर ने पूछा की सर कैसे लगे रूम तो डीजी हेल्थ ने कहा बस ठीक है, बेहतर नही है। काफी सुधार की जरूरत है। हालांकि डीजी हेल्थ के आने की सूचना मिलने पर नागरिक अस्पताल प्रशासन आनन- फानन में एक से दो घंटे में कई तैयारियां करवाई। इसमें एक कमरे में अस्पताल के दूसरे स्थान से उठवा कर अस्थायी तौर पर फ्रीज रखा। इसके अलावा एक एलईडी भी लगवाई गई। इसके बावजूद भी डीजी हेल्थ को प्राइवेट रूम की तैयारियां पूरी नही मिली। कमरों के बाहर सीसी टीवी कैमरों की लगवाई गई केबल को ठीक से लगवाने और साफ -सफाई को बेहतर बनवाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा चिकित्सकों ने अस्पताल में जरूरत के सामान की खरीददारी के लिए डीजी हेल्थ से बजट की मांग की। जिसको जल्द ही जारी करवाने की बात कही। अस्पताल की चरमराई है व्यवस्थाः इन दिनों बजट के अभाव में अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। सबसे बड़ा कारण तो अस्पताल में मरीजों के लिए दवाई नहीं होने की हैं। आधे से ज्यादा मरीजों को तो चिकित्सक के पर्चे पर लिखी दवाइयों की जानकारी नहीं होती और दवा खिड़की से एक-दो तरह की दवाई लेकर चले जाते हैं लेकिन अधूरी दवाइयों से आराम नहीं मिलता।



जींद। डीजी हैल्थ का स्वागत करते सीएमओ डा. सुमन कोहली।



जींद। प्राइवेट वार्ड का निरीक्षण करते डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला।

### प्राइवेट कमरों को ज्यादा बेहतर बनाएंः बिरला

डीजी डा. अनिल बिरला ने कहा कि अस्पताल में बनाए जा रहे प्राइवेट कमरों को जांचा है। कमरों की स्थिति ठीक है लेकिन यह बहुत ज्यादा बेहतर बनाने हैं। जिसके लिए निर्देश दिए गए हैं। भवन के सुधार के लिए अस्टीमेट बनवाया जाएगा। जिले में मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। आगामी एक सप्ताह तक अस्पताल में सभी तरह की दवाइयां पहुंच जाएंगी। इसके अलावा लैब समेत अन्य कार्यों के लिए रुके हुए बजट भी पास कर दिए गए हैं। इस राशि से अस्पताल में सभी तरह के बेहतर कार्य करवाएं जाएंगे।





महिला से मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते।

# जिला प्रशासन- पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन में पूछताछ के बहाने महिला को थाने में बुलाकर मारपीट व परेशान करने के आरोप मामले में अब कई दलित संगठन पीड़ित महिला के पक्ष में आए हैं। ऐसे में बुधवार को दलित समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया और सचिवालय में एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना था कि महिला को युवती के लापता होने के मामले में पूछताछ के लिए थाने में बुलाया गया था। जहां एक महिला व तीन पुलिसकर्मियों ने उससे मारपीट की। इस संबंध में सीवन थाना में पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस भी दर्ज कर रखा है। एसपी ने कहा कि मामले की जांच के लिए स्पेशल जांच टीम बनाई गई है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जिला प्रशासन व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद एसपी से मिले और मामले में चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही प्रशासन व सरकार को चेताया कि अगर जल्द से जल्द आरोपी पुलिसकर्मियों को पकड़ा नहीं गया तो वे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में शामिल मनोज, फूल सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बावजूद पुलिसकर्मियों के खिलाफ सही कार्रवाई नहीं की। जब महिला सभी पुलिसकर्मियों को पहचान रही है तो उनके खिलाफ नाम दर्ज एफआईआर क्यों नहीं की गई। वहीं उन्होंने पीड़ित महिला की डॉक्टरों के बोर्ड से मेडिकल जांच करवाने की मांग की।

### एसआइटी गठित

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। पीड़ति महिला की मेडिकल जांच डॉक्टर बोर्ड से करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उन्हीं के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। *फोटो :हरिभूमि*

### इमरजेंसी टीमों को करें एक्टिवः प्रीति

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि मानसून सीजन शुरू हो चुका है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी बारिश के पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंध रखें। निचले क्षेत्रों व जलभराव वाले उन प्वाइंट पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। पानी निकासी के लिए आवश्यक पंपों की व्यवस्था हो और वे चालू हालत में हों। व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। अपने अपने विभाग की इमरजेंसी टीमों को एक्टिव कर दें, ताकि जलभराव से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके। डीसी प्रीति बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में मानसून सीजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। इससे पहले चडीगढ़ से मुख्यमंत्री नायब सैनी की वीसी के माध्यम से तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने मानसून सीजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में अभी तक ज्यादा बारिश नहीं हुई है।

### बीयर की बोतल घोंपकर हत्या का आरोपित दबोचा

**जींद।** गांव जलालपुरा खेत में शराब पीने के दौरान कहासुनी के चलते व्यक्ति की ईंटे मार तथा बीयर की बोतल घोंप कर हत्या करने के एक आरोपित को काबू कर अदालत से पांच दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपित से मृतक की बाइक, मोबाइल सिम तथा हत्या से संबंधित तथ्यों को जुटाएगी। क्या था मामलाः गांव जलालपुरा निवासी बलजीत की गत 27 जून रात को खेत में ईंटें तथा बीयर की बोतल घोंप कर हत्या कर दी गई थी। मौके पर बिखरे सबूतों से साफ था कि शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर बलजीत की हत्या की गई। मृतक का बाइक तथा उसके फोन का सिम गायब था। पुलिस ने मृतक के बेटे सौरभ की शिकायत पर गांव के ही हिमांशु, विजय तथा मनीष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

# संयुक्त किसान मोर्चे का धरना लगातार जारी

- कॉरपोरेट घरानों को माला माल करने के लिए किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में मंगलवार को 1170वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता रिसाला सिंह धनौरी ने की और मंच संचालन निहाल सिंह गुरूसर ने किया। मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने सर्वप्रथम के छात्रों की जीत के लिए सभी किसान संगठनों छात्रों जनसंगठनों व अन्य जो भी इस आंदोलन का समर्थन कर रहे थे सभी का धन्यवाद किया और धरने में आए सभी साथियों का जीत की खुशी में मुंह मिठा करवाया। सैकड़ों किसानों द्वारा आज मौजूदा सरकार द्वारा बिजली की दरों में कमर तोड़ बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन किया गया , क्यों कि सरकार उपभोक्ता से फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, पंचायत टैक्स एडवांस सिक्योरिटी डिपॉजिट सरचार्ज आदि वसूल कर रही है जिस का बिजली से कोई लेना देना नहीं है । केवल एनर्जी चार्जेज ही उपभोक्ताओं से वसूल किया जाना चाहिए अन्य और जो भी वसूल किया जा रहा है वो सब गलत जिसे तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया जाना चाहिए यदि सरकार ऐसा नहीं करती तो हम इस का पुरजोर विरोध करेंगे। ये सब गरीब को बर्बाद करने और कॉरपोरेट घरानों को माला माल करने के लिए किया जा रहा है जिस का आने वाले समय में सड़कों पर विरोध किया जाएगा ताकि विधान सभा को बेलगाम होने से रोका जा सके। आज के कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।



नरवाना। नारेबाजी करते किसान नेता। *फोटो :हरिभूमि*

## गिरते लिंगानुपात को लेकर सीएमओ सख्त, एमटीपी केंद्र संचालकों से की बैठक

# जींद का लिंगानुपात 933 से घटकर 927 आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग जींद के लिंगानुपात में सुधार को लेकर कोई कोर कसर छोडऩे की फिराक में नही है। पूरे जिला की एएनएम रिपोर्ट के अनुसार मई में जींद का लिंगानुपात 933 था जो जून माह में घट कर 927 पर आ गया है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग गिरते लिंगानुपात में सुधार को लेकर भरपूर कोशिश कर रहा है। जिन गांवों में लिंगानुपात कम आ रहा है वहां के सरपंच के साथ सीएमओ डा. सुमन कोहली खुद बैठकें कर रही हैं। इसी को लेकर जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सीएमओ डा. सुमन कोहली की अध्यक्षता में ऑनलाइन मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले में एमटीपी नियमों अनुसार पंजीकृत सभी चिकित्सकों ने भाग लिया। सिविल सर्जन द्वारा यह बताया गया कि जिला जींद व राज्य हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार हेतु प्रयास करना ही इस बैठक का उद्देश्य है। उन्होंने सभी चिकित्सकों को एमटीपी के नियमों के पालन की हिदायतें देते हुए निर्देश दिए।

### एमटीपी नियमों की पालना करें चिकित्सक

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि चिकित्सक एमटीपी के नियमों की हर हाल में सख्ती से पालना की जाए। लिंगभेद आधारित गर्भपात, बिना उचित दस्तावेजों के प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड की अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित केंद्र के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### ये निर्देश जारी

सभी केंद्रों को यह निर्देशित किया गया कि वे मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी)एक्ट 1971 ए संशोधित नियम 2021 के सभी प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन करें।, पंजीकरण प्रमाण पत्र को अस्पताल में प्रदर्शित किया जाए। ,सभी केंद्रों को एमटीपी से संबंधित रिकॉर्ड (फोरम 1, 3 व रजिस्टर) को विधिपूर्वक तथा अद्यतन रूप से संधारित करने के निर्देश दिए गए।,सभी केंद्रों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे किसी भी स्थिति में लिंग चयन के आधार पर गर्भपात न करें। इसके उल्लंघन पर पीसी पीएनडीटी अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।, दो कन्याओं के बाद किए गए गर्भपात पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा चिकित्सकों से स्पष्टीकरण लिया जाएगा। यदि संदिग्ध स्थितियां पाई जाती हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक गर्भवती महिला की आरसीएचआईडी दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। बिना आरसीएचआईडी के गर्भपात की अनुमति नहीं दी जाएगी। रोगी की पहचान, कारण एवं मेडिकल डेटा की गोपनीयता बनाए रखना आवश्यक है। फोरम एवं रिकॉड्र्स को सुरक्षित एवं सीलबंद तरीके से संधारित किया जाए।



जींद रोड़ राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के सामने टूटी सड़क का दृश्य।

### रिटर्निंग वाल न होने से सड़क बनी तालाब

**राजौंद।** नगर के जींद मार्ग पर वार्ड नंबर 6 व 7 में स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के सामने तालाब की रिटर्निंग वाल न होने से सड़क भी तालाब में मिल लग गई है। जिससे हर समय घटना होने का भय बना रहता है। पिछले लंबे समय से इस और किसी ने ध्यान नही दिया जिस कारण अब तो जींद को जाने वाला मुख्य मार्ग भी टूटकर तालाब में मिलने लग गया है। अगर अब भी संबंधित विभाग ने इस और ध्यान नही दिया तो वह दिन दूर नही जब इस सड़क पर आवाजावी रूकने को मजबूर हो जाएगी। वार्ड नंबर 7 के निवासी सुभाष, शमशेर, रामशरण, कृष्ण, अंकित, जोगेंद्र हवा सिंह ने बताया कि इसी तालाब के पास ही लड़कियों का पांचवीं तक का स्कूल है। यहां छोटे छोटे विद्यार्थी स्कूल में पढने के लिए आते है। इस सड़क के साथ लगते तालाब में रिटर्निंग वाल न होने से सड़क टूट रही है जिससे उन्हें भी हादसा होने का भय बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### पथराव तथा तोड़फोड़ करने पर 36 नामजद

**जींद।** गांव धमतान साहिब में रंजिशन पथराव करने, तोडफ़ोड़ करने पर गढ़ी थाना पुलिस तीन दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धमतान साहिब निवासी बल्लू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही प्रकाश से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते प्रकाश पक्ष के लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया और हमला कर दिया। आरोपितों ने उसके परिवार पर पथराव किया।

### ढाई लाख की नकदी और जेवर संग महिला लापता

**जींद।** गांव अलेवा से अढाई लाख रुपये की नगदी, सोना चांदी के जेवरात के साथ घर से मां बेटी के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अलेवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 29 जून को उसकी पत्नी तथा सात वर्षीय बेटी सदिग्ध हालात मे घर से गायब हो गई। घर से अढाई लाख रुपये की नगदी, सोना, चांदी के जेवरात भी गायब है।

### हमला कर हत्या करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव भिड़ताना घर में घुस तेजधार हथियार तथा बिंडो से हमला कर व्यक्ति की हत्या करने के दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव भिड़ताना निवासी शिवकुमार ने गत 24 जून को पुलिस को पुलिस का दी शिकायत में बताया था कि उनकी गांव के जयभगवान परिवार से रंजिश चली आ रही है। 23 को ताऊ रणबीर की जयभगवान के साथ कहासुनी हो गई। देर रात को चेहरा ढांपे गाड़ी में सवार होकर हथियारों से लैस लोग दीवार फांद कर रणबीर के घर में घुस आए और हमला कर दिया।

### छात्र नेता वीर सैन बने एबीवीपी जिला संयोजक

**जींद।** सिरसा में 26 से 29 जून तक आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा प्रांत का अभ्यास वर्ग में वीर सैन को जिला संयोजक का दायित्व मिला है। इससे पहले राजकीय महाविद्यालय ईकाई जिंद के इकाई अध्यक्ष भी का दायित्व का निर्वाण किया है। इससे पूर्व भी प्रांत के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष का दायित्व भी निर्वाण किया है।

### जुलाई का प्रथम शनिवार शतरंज दिवस निर्देश

**जींद।** भारत सरकार की नई नेशनल शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के समस्त सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में प्रत्येक वर्ष जुलाई माह के प्रथम शनिवार को शतरंज दिवस के रूप में आयोजित किया जाएगा। हरियाणा शतरंज एसो एचसीए के प्रदेश महासचिव कुलदीप शतरंज ने बताया कि सरकार ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, सारे स्कूल प्राचार्यो को दिशा.निर्देश देते हुए आदेश पत्र जारी किया है।

### राष्ट्रव्यापी हडताल में बढ़चढ़ कर लेंगे भाग

**जींद।** हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन सफीदों ब्रांच की बैठक प्रधान सतपाल कुंडू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में देशभर में ट्रेड यूनियनों एवं जन संगठनों द्वारा द्वारा घोषित नौ जुलाई को एक दिन की सांकेतिक राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नियमित और कच्चे कर्मचारियों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया। राज्य प्रधान गंगा राम मौण ने कहा कि रेशेनलाइजेशन के नाम पर कटौती गए पदों को लागू करने से पहले संगठन को पक्ष रखने के लिए समय देने आदि मांगों सहित 21 सूत्रीय मांगपत्र में शामिल मांगों के समाधान न होने से कर्मियों को लंबे समय से अनदेखा के विरोध में हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही वित्तीय सहायता

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने से पिता के घर से दो वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने से अथवा माता-पिता के लंबी सजा जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं।

## सरकारी कॉलेज-पार्क की मांग जल्द होगी पूरी: विधायक

# उचाना में उद्योग स्थापित होने से युवाओं को मिलेगा रोजगार

### जैन समाज एवं गणमान्य लोगों ने किया विधायक का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

उचाना पहुंचे भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का जैन समाज एवं गणमान्य लोगों ने अभिनंदन किया। 22 पंथ जैन स्थानक के प्रधान दयानंद मित्तल जैन को कष्ट निवारण समिति जींद का गैर सरकारी सदस्य मनोनित करने पर ये कार्यक्रम हुआ। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। लितानी रोड पर स्थित विकास मखंड अनाज मंडी में स्थित संजय के प्रतिष्ठान पर भी विधायक पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने दावा किया कि जो भी उचाना हलके की जनता से वादे किए उन वायदों को पूरा करने का काम करेंगे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि विकसित उचाना का जो सपना देखा था उस सपने को पूरा करने का काम करेंगे। उचाना में बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले इसको लेकर उचाना हलके में बडा उद्योग स्थापित करने का प्रयास है ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उचाना में ही मिले। ऐसे ही उचाना के लोगों की जो सरकारी कॉलेज की मांग है वो भी पूरी करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए है। सरकारी कॉलेज को लेकर जगह देखी जा रही है ताकि नियमानुसार जो जगह कालेज के लिए हो वहां कॉलेज बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों की जो पार्क की मांग है वो भी पूरी करने के लिए नपा सचिव को पार्क के लिए जगह देखने के निर्देश दिए गए है। हर उस वायदे को पूरा करेंगे जो उचाना हलके के लोगों से चुनाव के दौरान किए थे। भाजपा ऐसी पार्टी है जो वायदे करते है उसे निभाने का काम करती है। सीएम नायब सिंह सैनी ने जो वायदे प्रदेश की जनता से किए थे उन वायदों को वो निरंतर पूरा करने का काम कर रहे है। आज नायब सिंह सैनी की हंसी से विपक्ष को तकलीफ हो रही है जबकि उनके मिलनसार स्भाव एवं हंसमुख रवैये से हर कोई उनका कायल हो रहा है। सतपाल अत्री, विकास पंघाल, होशियारी जैन, विजय जैन, सुभाष जैन, टेकचंद जैन, सुशील बुडायन, रोशन घोघडिय़ा, हनुमान जैन, प्रवीण जैन, अनिल जैन, विपिन जैन, महेंद्र लोधर, सत्यनारायण मखंड, चिमन अलीपुरा, पुरूषोत्तम मित्तल, राकेश जैन, आत्मप्रकाश, मदन लाल, दीपांशु मेहता, आनंद गोयल, जोगी बुडायन, जितेंद्र जैन, रामनिवास शर्मा, दीपेश जैन, पोला, महाबीर मखंड, अमित, महाबीर सैनी, महेंद्रए साहिल, श्यामलाल, अशोक, सुभाष, सुशील, शिवम, विनोद, नरेश जैन मौजूद रहे।



विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का स्वागत करते दयानंद मित्तल जैन, महेंद्र लोधर।



**उचाना।** विकास मखंड के प्रतिष्ठान पर पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

# लंबा जाम लगने से चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

लितानी रोड पर बने अंडरपास के दोनों तरफ बुधवार को लगे जाम के चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन जाम के चलते रेंग-रेंग कर चलते नजर आए। कुछ दूरी तय करने के लिए चालकों को कई-कई देर इंतजार करना पड़ा। पुलिस को जाम की सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मी पहुंचे। यहां काफी मशक्त के बाद जाम से वाहन चालकों को राहत मिली। जाम लगने से दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के चलते ग्राहक भी दुकानों में नहीं आ पा रह थे। उचाना कलां में भौंगरा रोड, उचाना खुर्द रोड की तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी तो शहर में लितानी रोड, नरवाना बाइपास पर लंबी लाइन में वाहन चालक फंसे नजर आए। बुधवार को उचाना खुर्द में माता की पूजा, अर्चना होने के चलते भी वाहनों की संख्या आम दिनों की अपेक्षा अधिक थी। वाहन चालक सतीश, शमशेर, जगदीश ने कहा कि मानव रहित फाटक की जगह बने अंडरपास में बारिश का पानी भरा होने के चलते वाहन लितानी रोड अंडरपास से ही सफर कर रहे थे। सुबह कई देर तक जाम में वाहन चालक फंसे रहे। पुलिस प्रशासन के आने के बाद जाम खुला जिससे वाहन चालकों को राहत मिली। अंडरपास पर पुलिस कर्मी की नियुक्ति नियमित होनी चाहिए ताकि जाम की स्थित यहां न बने। लितानी रोड के रास्ते आने-जाने वाले वाहन चालकों की संख्या अधिक होती है। चौकी इंचार्ज राजबीर ने कहा कि जाम बाजारों के साथ-साथ कही न हो इसको लेकर निरंतर राइडर, पुलिस पीसीआर गश्त करती रहती है।



**उचाना।** अंडरपास से उचाना कलां की तरफ लगे जाम में फंसे वाहन।



**जींद।** मामलों की सुनवाई करते सीजेएम मोनिका। *फोटो :हरिभूमि*

### सीजेएम ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**जींद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष यशवीर सिंह राठौर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका ने जिला कारागार में जेल लोक अदालत में सात मामले विचाराधीन रखे गए। इनमें से छह मुकद्मों को अंडरगोन किया गया। अगर विचाराधीन बंदी पर और कोई मुकद्मा ना हो। सात कैदियों को रिहा करने का आदेश पारित किया गया। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत महीने में दो बार लगाई वाली है। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने जिला जेल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों व हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी।

### पैक्स और विपणन समितियों के प्रबंधकों की संयुक्त बैठक

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में सभी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) एवं विपणन सहकारी समितियों के प्रबंधकों की बैठक का आयोजन सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग जींद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक रजिस्ट्रार अदिति संगर एवं उप निदेशक कृषि विभाग डा. गिरीश नागपाल द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक के दौरान आगामी बिजाई सत्र के दृष्टिगत प्रबंधकों को कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सभी प्रबंधकों को समय पर डिमांड भेजनेए केवल पीओएस मशीन के माध्यम से खाद की बिक्री करने, सरकार द्वारा अनुमोदित खाद को ही स्टॉक में रखने एवं बेचने, खाद लाइसेंस की वैधता सुनिश्चित करनेए स्टॉक रजिस्टर का सत्यापन करवाने तथा जिला से बाहर खाद की अवैध बिक्री एवं आवाजाही पर रोक लगाने संबंधी सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही सभी प्रबंधकों को अपने ड्यूटी स्थल पर समय से उपस्थित रहने की भी हिदायत दी गई।

### कैलाश सिंगला अध्यक्ष चुने

**नरवाना।** सिद्धी विनायक सेवा समिति की एक साधारण बैठक सोमवार देर शाम 7 बजे हुई जिसमें सभी सम्मानित सदस्य गणों की उपस्थिति में अगले दो वर्षों के लिए कैलाश सिंगला 5 बार के नगर पार्षद एवं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी हरियाणा प्रांत के सदस्य को सर्वसम्मति से अगले दो वर्षों के लिए प्रधान चुना गया उनके निर्वाचित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। राकेश शर्मा ने बताया कि सिंगला पिछले काफी वर्षों से सिद्धि विनायक सेवा समिति के प्रधान चले आ रहे हैं और उन्होंने अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए समिति में एकता बनाए रखने का अद्भुत अनुपम अदित्य काम किया हैएइस कार्य को देखते हुए सोमवार सायं 7रू00 बजे एक बैठक कर उनको व उनकी पूरी टीम को पूर्व की भांति अगले दो वर्षों के लिए धार्मिक संस्था का प्रधान चुना गयाए प्रधान चुनने के उपरांत उसी समय गणपति उत्सव जो 27 अगस्त को नरवाना शहर में पूर्व की भांति पूरे उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाना है उसकी तैयारी करने का आह्वान किया।



**नरवाना।** प्रधान को माला पहना कर स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### विवि ऑटो अपील सिस्टम पर पंजीकृत : वीसी



**जींद।** वीसी प्रो. डा. रामपाल सैनी ने कहा कि विवि ने छात्र सेवाओं की पारदर्शिता, समयबद्धता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हरियाणा सरकार के ऑटो अपील सिस्टम पर औपचारिक रूप से पंजीकरण प्राप्त कर लिया है। इस नई प्रणाली के तहत अब छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट, प्रोविजनल सर्टिफिकेट सहित अन्य प्रमुख सेवाएं पारदर्शी और निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही छात्रों द्वारा की गई अपीलों का निस्तारण भी स्वतः प्रणाली द्वारा तय समय में किया जाएगा। जिससे प्रक्रियाएं अधिक सरल और उत्तरदायी बनेंगी। वीसी प्रो. डा. रामपाल सैनी ने इस अवसर पर कहा कि डिजिटल इंडिया और ई गवर्नेंस की दिशा में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। ऑटो अपील सिस्टम से छात्र सेवाएं निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध होगी और विश्वविद्यालय प्रशासनिक पारदर्शिता में नया मानदंड स्थापित करेगा। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह प्रणाली छात्रों और प्रशासनिक इकाइयों के बीच संवाद को अधिक प्रभावी बनाएगी। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि सभी सेवाएं पेपरलेस, पारदर्शी और समयबद्ध हों। एएएस पोर्टल इसी दिशा में एक ठोस पहल है। परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश कुमार बंसल ने बताया कि विद्यार्थियों से संबंधित कुछ सुविधाएं जारी करने की प्रक्रिया पहले ही ऑनलाइन की जा चुकी है।

### परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**जींद।** भाविप जयंती शाखा जींद द्वारा शपथ ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गर्ग व उनकी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जो नए मेम्बर संस्था से जुड़े हैं, उन्हें भी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर राजन चिल्लाना ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा मंडल के अध्यक्ष सुरेश मित्तल द्वारा की गई। इस अवसर पर संरक्षक मुकेश शर्मा, अशोक सिंगला, दिनेश गर्ग, नरेश जिंदल, राजीव गोयल, मोनिका बंसल, प्रवीण जिंदल, सोमनाथ गोयल इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गर्ग व उनकी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और सभी को संगठन के कार्यों को और प्रभावी बनाने का संकल्प दिलाया गया।



**जींद।** भाविप कार्यकारिणी के सदस्य मुख्य अतिथि के साथ।



**जींद।** गजेंद्र फौगाट को सम्मानित करते सभा के सदस्य।

### सीएम के ओएसडी सम्मानित

**जींद।** मुख्यमंत्री के ओएसडी व विख्यात कलाकार गजेंद्र फौगाट को जाट समाज यूके प्राइड अवार्ड से सम्मानित होने पर जींद में अभिनंदन किया गया। वे जाट धर्मशाला जींद पहुंचे व बुजुर्गों व युवाओं से मिले। उन्हें स्मृति चिन्ह शॉल बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जाट धर्मार्थ जींद के यादवेंद्र खर्ब, किताब सिंह भनवाला, ईश्वर सिंह उझाना, संजय पंवारए चंद्रप्रकाश मलिक उपस्थित थे। यह जानकारी देते यादवेंद्र खर्ब ने बताया कि लंदन में आयोजित जाट मेले में फौगाट को ये खिताब दिया गया है। लन्दन में रहने वाले लोग पिछले आठ साल से ये मेला वाटफोर्ड ग्राउंड में आयोजित कर रहे हैं। इसमें हरियाणवी गीत, नृत्य, खान-पान, पहनावा व रिश्तों का प्रसार करने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में मेले के टाइटल गीत जाट मेले मैं आके देखो जी के लेखन व गायन करने के लिए गजेंद्र फौगाट को जाट समाज प्राइड के खिताब से नवाजा गया है।



**जुलाना।** बुढ़ा खेड़ा गांव के पास पौधारोपण करते वन विभाग की टीम।

### 20 हजार पौधे लगेंगे सड़कों के किनारे

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिए वन विभाग ने कमर कस ली है। वन विभाग द्वारा जोर शोर से पौधारोपण कर रहा है। पौधारोपण के कार्य में ग्रामीण भी बढ़चढ़ कर वन विभाग का सहयोग कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा खेतों में दो लाख पौधे लगाए जाएंगे और सड़कों के किनारे 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे। गत दिनों आए तुफान से जुलाना क्षेत्र में वन विभाग के लगभग तीन हजार पेड़ टूट गए थे। जिससे वातावरण को काफी नुकसान हो रहा था। वन विभाग के कर्मचारी सुबह ही पौधारोपण के कार्य में जुट जाते हैं। वन विभाग की एक टीम रोजाना 250 पौधे लगा रही है। टीम में एक ट्रैक्टर पौधे लगाने के लिए ड्रिल मशीन से मिट्टी में गड्ढे खोद देती है और पांच कर्मचारी पौधारोपण में लगे रहते हैं। बुढ़ाखेड़ा गांव के पास वन विभाग के कर्मचारी जब पौधारोपण कर रहे थे तो उन्हें देखकर बुढ़ा खेड़ा गांव की महिला सरपंच अनिता चौहान भी उनके साथ पौधारोपण करने में जुट गई। रास्ते से जा रहे पर्यावरण प्रेमी संजीत कौशिक ने भी उनके साथ पौधारोपण किया। वन रेंज अफसर अमित शर्मा ने बताया कि गत दिनों आए तुफान से जुलाना क्षेत्र में पेड़ों को काफी नुकसान हुआ था।

# पानी की निकासी नहीं, लोग दुःखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

कई दिनों से मस्जिद वाली गली में बारिश का पानी भरा होने के चलते यहां से आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी में जाने के लिए ये मेन गली है। गली से लोग आते-जाते हैं। स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी भी इसी रास्ते से आते.जाते है। यहां पानी भरा होने के चलते लंबा चक्कर काट कर दूसरे रास्ते से राहगीरों, विद्यार्थियों को आन-जाना पड़ता है। हर बार बारिश के कई-कई दिनों तक पानी गली में भरा रहता है। हर बार लोग पानी निकासी का पुख्ता प्रबंध करने की मांग करते रहते है लेकिन हर बार समस्या ये ही रहती है। राममेहर, पालाराम, जगबीर ने कहा कि बारिश के बाद पानी की निकासी कई-कई दिन तक नहीं होती है। कालोनी में जाने वाली मेन गली होने के चलते सबसे अधिक परेशानी राहगीरों के साथ.साथ यहां रहने वाले लोगों को हो रही है। पानी से होकर ही आना-जाना पड़ता है या लंबा चक्कर काट कर दूसरे रास्ते से आना पड़ता है। यहां पर पानी निकासी का पुख्ता प्रबंध किया जाए। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता देवी ने कहा कि पानी निकासी का समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।



**उचाना।** मस्जिद वाली गली में भरा बारिश का पानी। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** लीके को जांचते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### जल निकासी की व्यवस्था दुरूस्त रखें

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रेलवे विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते कहा कि बरसात के दौरान अगर रेलवे अंडरपास में जलभराव होता है तो तुरंत पंप सेट, मोटर चला कर पानी को निकालना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को आवागमन करने में परेशानी नहीं हो। देवीलाल चौक स्थित कवर्ड है। परंतु अंडरब्रिज के अंदर लिकेज होने के कारण पानी आता है। जिससे जलभराव की समस्या होती है। इन लिकेज को तुरंत दुरूस्त किया जाए। रेलवे विभाग जल निकासी हेतु संबंधित स्थान पर कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा कर उसकी सूचना डीसी कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। रेलवे विभाग के इंजीनियर शैलेश मिश्रा ने डीसी के निर्देशानुसार अंडरपास का दौरा किया और आश्वस्त किया कि जल्द ही लिकेज की समस्या को दूर कर दिया जाएगा और जल निकासी हेतु कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित की जाएगी और भविष्य में कभी भी बरसात के दौरान अगर जलभराव होता है तो तुरंत पंप सेट, मोटर लगाकर जल निकासी की व्यवस्था दुरूस्त रखी जाएगी।

## सैनी स्कूल ग्राउंड में तृतीय विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन

# कार्तिक राणा ने जीती 41 हजार की कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

नई सब्जी मंडी के निकट सैनी स्कूल के ग्राउंड में तीसरा विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के पहलवानों को आमंत्रित किया गया। इस आयोजन में प्रथम पुरस्कार 41 हजार रुपए पर मुकाबला कार्तिक राणा और जसविंदर नोएडा के बीच हुआ। जिसमें कार्तिक राणा ने विजय प्राप्त की। द्वितीय मुकाबला 31 हजार के पुरस्कार पर बॉबी पहलवान पटियाला और विकास पहलवान गोली करनाल के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। तृतीय मुकाबला 21 हजार रुपये के पुरस्कार के लिए भविष्य पहलवान चंडीगढ़ और रोहित पहलवान भीम कुश्ती अखाड़ा कैथल के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें भविष्य पहलवान चंडीगढ़ ने विजय प्राप्त की। इसके अलावा अनेकों कुश्तियां कराई गई। इस दंगल में मुख्यअतिथि के तौर पर समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाई पवन गर्ग ने पहुंच कर प्रथम पुरस्कार के पहलवानों की हाथ जोड़ी कराई और विशेष तौर पर डिप्टी स्पीकर हरियाणा सरकार के प्रतिनिधि रूद्राक्ष मिड्ढा, समाजसेवी अतुल चौहान, अंकुर शर्मा, प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, प्रधान सतबीर सैनी, सुरेंद्र गर्ग, महेंद्र पहलवान व और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दंगल की शोभा बढ़ाई गई। इस कुश्ती दंगल का आयोजन आशीष पहलवान निर्जन द्वारा कराया गया।





**जींद।** वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

### पंप सैट दुरूस्त रखने निर्देश दिए

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि मानसून के सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के लिए सभी अधिकारी गंभीरता से काम करें और किसी भी सूरत में पानी इक_ा न हो इसके लिए पंप सेटों को दुरूस्त रखें। जिस भी क्षेत्र में पानी एकत्रित होता है, उस क्षेत्र में प्वाइंट वाइज अधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित करें ताकि उस क्षेत्र की पानी निकासी तुरंत की जा सके। डीसी मोहम्मद इमरान रजा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में बाढ़ नियंत्रण उपायों एवं उपलब्ध संसाधनों के संबंध में आयोजित अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले मानसून सीजन को देखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिला उपायुक्तों को जलभराव की समस्या को दूर करने पुख्ता प्रबंध रखने हेतू आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि मानसून सीजन को देखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय खेल महाकुंभ आज से

**कैथल।** जिला स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता (महिला व पुरुष )सीनियर कैटेगरी का आयोजन तीन से पांच जुलाई तक होगा। यह प्रतियोगिता 26 खेलों में होगी। कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, रिहायशी प्रमाण-पत्र, फैमिली आईडी साथ लेकर आएं।

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

**कैथल।** कैथल में दो अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां बिना बताए घर से चली गई। पहले मामले में एक व्यक्ति ने शहर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 1 जुलाई को सिरटा रोड कैथल से उसकी 20 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई । दूसरे मामले में कलायत के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 30 जून को उसकी 20 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसके आसपास तलाश की लेकिन पता नहीं चला।

### रोजगार मेले में 50 छात्रों का चयन

**कैथल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कलायत में हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना (राजस्थान) द्वारा अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कंपनी से आए प्रतिनिधि सुंदर सिंह ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। रोजगार मेले में 112 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 50 का चयन हुआ। प्रधानाचार्य भूपेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि संस्थान में निरंतर छात्रों की अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए जॉब मेलों का आयोजन करवाया।

### सीजेएम ने नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र का दौरा किया

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला के आदेशानुसार बुधवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव कंवल कुमार ने जिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जिला नागरिक अस्पताल कैथल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां डॉक्टर सीमा मलिक से नशा मुक्ति / पुनर्वास केन्द्र में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

### थार से टक्कर मारकर किया मारने का प्रयास

**कैथल।** गांव मेगा माजरा में एक व्यक्ति को थार गाडी से टक्कर मारकर मारने के प्रयास के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मेगा माजरा के गुरु तेज ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 जून को दोपहर के समय जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही जसविंदर ने अपनी थार गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे टक्कर मार दी।

### सरसों तेल के दामों में बढ़ोतरी की आलोचना

**कैथल।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीपीएल परिवारों को राशन डिपो पर मिलने वाले सरसों के तेल को चालीस रुपए से बढ़ाकर सौ रुपए कर दिया है। यह बढ़ोतरी 150 प्रतिशत से भी अधिक है। भाजपा सरकार ने खाना पकाने के तेल में बेतहाशा वृद्धि करके गरीबों पर ओर बोझ डाल दिया है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कमेटी भाजपा सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना करती है।

### विक्रेता जानबूझकर कर रहे खाद की कालाबाजारी

**पाई।** भाकियू व किसानों ने सरकार व जिला प्रशासन पर खाद विक्रेताओं से मिली भगत का आरोप लगाते हुए कहा कि खाद की कोई कमी नही है, अपितु मिलीभगत के कारण खाद की कमी की हुई है। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहाकार अजीत सिंह हाबड़ी ने कहा कि किसानों की धान की रोपाई जोर शोर से चल रही है।

### चेक बाउंस के मामले में उद्घोषित गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ द्वारा चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एचसी अनिल द्वारा आरोपी उरलाना निवासी मिट्ठु को गिरफ्तार किया गया। जो चैक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 7 दिसंबर को पीओ घोषित किया गया था।

### निम्न दर्जे की सामग्री व्यापक स्तर पर इस्तेमाल

# कलायत नपा में निर्माण कार्यों की आड़ में सरकार-जनता से हेराफेरी

**नियमों की कसौटी पर परखने तक तमाम तरह के भुगतान रोकने का आग्रह किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कलायत शहर में वैध कालोनियों को विकसित करने की महत्वपूर्ण योजना में नगर पालिका अधिकारियों की व्यापक स्तर पर लापरवाही सामने आई है। निर्माण कार्यों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को गंभीरता से न लेने की पोल वार्ड एक की फकीर पीर कालोनी में खुली है। कॉलोनी में निर्माणधीन गलियों में रोड़ा की लेयर व कंकरीट ब्लाक्स लगाने से पहले ही टोह वाल मिट्टी की तरह बिखर गई।

इतना ही नहीं निर्माण कार्य में जो ईंटें व अन्य सामग्री इस्तेमाल की जा रही है उसके भी बिना देरी सैंपल भरने की मांग कालोनी वासी कर रहे हैं। जोगेंद्र चौहान, ईश्वर सिंह, जोगेंद्र सिंह, रमेश कुमार, हिम्मत, सोनू व अन्य कालोनी वासियों का कहना है कि टोह वाल की नींव बिना रोड़ा और समुचित बेस के कच्ची मिट्टी पर ही रख दी गई है। इस कारण निर्माण शुरू होते ही कुछ हिस्सों में टोह वाल मिट्टी की तरह बिखर गई।



**कलायत।** कलायत की फकीर पीर कालोनी में जारी इस निर्माण कार्य पर उठ रहे सवाल। *फोटो : हरिभूमि*

**मानकों की पालना जरूरी: रेणू धानियां**

पार्षद कुमारी रेणु धानियां ने बताया कि निर्माण कार्य का मौका मुआयना निरंतर जारी है। जो खामियां सामने आई उसकी तुरंत प्रभाव से जानकारी हरियाणा कौशल निगम के तहत नगर पालिका में तैनात कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान को दी गई। स्थिति में सुधार न होने के चलते टोहवाल व अन्य निर्माण धंस-टूट गया। इसके मद्देनजर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की पालना बारे पालिका अभियंता राजेश प्रजापति को अवगत करवाया गया। उपरांत टीम कालोनी में सक्रिय हुई।

जिससे न केवल गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं बल्कि इससे सरकार की विकास नीति को धक्का लग रहा है। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को बरकरार रखा जाए। जो कर्मचारी संजीदगी से कार्य करने में रुचि नहीं ले रहे उनके खिलाफ प्रदेश सरकार ठोस कार्यवाही करे। ताकि सरकार की विकास एवं कल्याणकारी नीतियां मजाक न बन सकें। सरकार का लक्ष्य पारदर्शिता से कार्य पूरा करवाना है।

इसलिए जिम्मेवारी अधिकारियों को फिल्ड में आकर काम करना चाहिए। समाज सेवी संगठनों ने जांच एजेंसियों से शहर के विभिन्न वार्डों में जारी विकास कार्यों को नियमों की कसौटी पर परखने तक तमाम तरह के भुगतान रोकने का आग्रह किया है। साथ जिन कार्यों में गोलमाल है उन एजेंसियों पर जुर्माना व जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही हो।

**कर्मचारियों से होगी जवाबतलबी**

नगर पालिका अभियंता राजेश प्रजापति ने कहा कि सरकार की योजनाओं को सफल बनाने के लिए पारदर्शिता और गुणवत्ता सबसे जरूरी है। मौका मुआयना करते हुए पूरी स्थिति का ब्यौरा लिया गया है। लापरवाही पर कर्मचारियों से जवाबतलबी करते हुए रिपोर्ट ली जाएगी। किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी।



**कैथल।** बैठक में विचार विमर्श करते कर्मचारी नेता। *फोटो : हरिभूमि*

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान

- जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 9 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर स्थानीय कार्यालय जवाहर पार्क में मीटिंग की। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रघुबीर सिंह व मंच संचालन जिला सचिव पवन ने किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही , राज्य वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण ने कहा कि राज्य मे लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और कर्मचारियों,परियोजना कर्मियों ,मजदूरों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ-साथ लगातार वादाखिलाफी कर रही है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार को कई बार मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुके है,लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नही चाहती ओर इससे कर्मचारियों मे लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मुख्य माँगों में सभी विभागों के पार्ट टाइम,कच्चे कर्मचारियों को नियमितकरण पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए, पक्के होने तक समान काम समान वेतन दिया जाए, कॉमन कैडर में लगे ग्रुप डी को पदोंन्नत किया जाए, प्रोमोशन कोटा 20% से बढ़ाकर 50% किया जाए, रेशनलाइजेशन नीति के तहत पदों को खत्म करना ,अतिशीघ्र आठवें वेतन आयोग का गठन करने और जब तक आठवां वेतन आयोग लागू नहीं किया जाता सभी कर्मचारियों को बढ़ती हुई महंगाई के अनुसार 5 हजार रूपये अंतरिम राहत के रूप मे देना , आठवे वेतन आयोग से पहले 7 वें वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना है।

# फतेहपुर की स्नेहा ने जीता रजत

- अमेरिका में रचा इतिहास, वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

गांव फतेहपुर की बेटी स्नेहा ठाकुर ने अमेरिका के अटलांटा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर न केवल अपने गांव का, बल्कि हरियाणा और देश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। स्नेहा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर है। इस गौरवपूर्ण क्षण पर हलका विधायक सतपाल जांबा, गांव के सरपंच सोहनलाल वर्मा और प्रतिनिधि सौरभ वर्मा ने स्नेहा और उसके परिवार को बधाई दी। उन्होंने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढक़र प्रदेश और देश का मान बढ़ा रही हैं। **आम परिवार से उठकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंची स्नेहा:** स्नेहा एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता कर्म सिंह ड्राइवरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। स्नेहा की एक बड़ी बहन और एक छोटा भाई भी है। आर्थिक सीमाओं के बावजूद स्नेहा ने कभी हार नहीं मानी और कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर भारतीय सेना में भर्ती हुईं। वहां से उन्होंने अपने खेल कौशल को और निखारा व अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत इतिहास रच दिया। सरपंच सोहनलाल वर्मा ने कहा कि स्नेहा ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं है।



**पूंडरी।** पदक जीतने के बाद अपने देश के तिरंगे के साथ स्नेहा ठाकुर।

# ऑनलाइन खरीदारी करते समय सावधानी बरतें

- विद्यार्थियों को साइबर क्राइम बारे किया जागरूक
- किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा बस अड्डा कैथल के पास पीटी/विजा सैंटर पर विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रकार व उनसे बचाव बारे जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर क्राइम थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा साइबर क्राईम से बचने के लिए बरती जाने वाली जरुरी सावधानियों बारे बताया गया। इस दौरान जानकारी देते हुए टीम ने बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। ऑनलाइन खरीदारी करते समय विशेष तौर पर सावधानी बरते व सतर्क रहकर एडवांस पे ना करें।



**कैथल।** युवाओं को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**नए-नए पैंतरे अपना रहे**

बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। वह उनसे दोस्ती करके धीरे-धीरे उनके बारे में समस्त जानकारियां जुटा लेते हैं। उसके बाद शातिर उनको ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। वह उनकी निजी फोटो/बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। ऐसे में इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि सभी अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें। मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन का यूज़ करे, पासवर्ड स्ट्रांग रखें तथा किसी के साथ ओटीपी या अन्य जानकारी सांझा ना करें तथा किसी भी प्रकार की एप्प को सतर्कता के साथ यूज करें। अगर लापरवाही के कारण कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है।

# गुरु तेग बहादुर शहीदी पर्व विश्व स्तर पर मनाया जाएगा : झींडा

- हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

शहर के डोगरा गेट स्थित श्री नीम साहिब गुरुद्वारा में बुधवार को हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रधान जगदीश झींडा ने शिरकत की। बैठक में फैसला लिया गया कि हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी पर्व विश्व स्तर पर मनाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत श्री आनंदपुर साहिब से धर्म बचाओ नगर कीतर्न निकाला जाएगा। इस संदर्भ में सरदार मनजीत सिंह जिरकपुर की ओर से सहयोग किया जाएगा। प्रधान जगदीश झींडा ने बताया कि यह धर्म बचाओ नगर कीर्तन श्री आनंदपुर साहिब से 11 जुलाई को सुबह के समश्य शुरू होगा, जो 12 जुलाई को चीका के छठी पाताशाही गुरुद्वारा में पहुंचेंगा।

इस नगर कीर्तन का भव्य स्वागत प्रबंधक कमेटी की ओर से किया जाएगा। इसके बाद रात के समय यह कैथल में पहुंचेंगी और उसी दिन जींद में रात्रि ठहराव के बाद रोहतक जाएगा और यहां से यह नगर कीर्तन 14 जुलाई को आगरा में समाप्त होगा। इस नगर कीर्तन के स्वगत को लेकर प्रदेश के हर जिले में प्रबंधक कमेटी की ओर से ही किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से भी यात्रा के स्वागत के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रबंधक कमेटी पूरे सिख समाज से इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है। पूरे प्रदेश का कार्यक्रम हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से किया जाएगा।



**कैथल।** हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश झींडा बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा**

उन्होंने कहा कि जौ कौम अपने गुरु और शहीदों को भूल जाती है, वह लंबे समय तक नहीं चल पाती है। गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर कहा जाता है। कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को भी पत्र लिखा गया है कि पंजाबी भाषा को भारत में राष्ट्रीय भाषा घोषित किया जाए। झींडा ने कहा कि अंग्रेजी भाषा को पसंद तक नहीं करते हैं, क्योंकि अंग्रेजों ने भारत में लंबे समय तक हकुमत की थी। परंतु विंडबना है कि हम इस भाषा को ही अधिक तवज्जों देते हैं। इस मौके पर कमेटी के सदस्य भी मौजूद थे।

# रैशनलाइजेशन की आड़ में सरकार कर रही विभागों को खत्म: सोमदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

सरकार द्वारा रैशनलाइजेशन के नाम पर सार्वजनिक विभागों के ढांचे को सिकोडऩे का आरोप लगाते हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नं. 41) से संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक हुई। जिसमें जिला प्रधान दलवीर सिंह, ब्रांच प्रधान पूंडरी सोमदत्त शर्मा और ब्लॉक प्रधान कृष्ण करोड़ा ने सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि सरकार विभागों में बड़े स्तर पर पदों को समाप्त कर रही है। जिससे न सिर्फ जनता को मिलने वाली सेवाओं में गिरावट आएगी, बल्कि युवाओं के रोजगार के अवसर भी खत्म हो जाएंगे। मार्च 2023 में सरकार द्वारा गठित रैशनलाइजेशन आयोग ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, जिसमें जनसंख्या के अनुपात में नए पद सृजित करने की बजाय मौजूदा पदों में भारी कटौती की सिफारिश की गई है।रिपोर्ट के अनुसार सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में फील्ड स्टाफ के कई पद समाप्त करने की सिफारिश की गई है। इनमें बेलदार, कैनाल गार्ड, सुपरवाइजर, मिस्त्री, मेसन, स्टोर कीपर, चार्जमैन, फोरमैन, प्लंबर, टेलीफोन अटेंडेंट जैसे आवश्यक पद शामिल हैं। इसके साथ ही मैकेनिकल स्टाफ व हेल्पर के भी पदों में कटौती का प्रस्ताव है। कृष्णा मुन्नारेड्डी राजेश, बलवान गोरा मौजूद रहे।



**पूंडरी।** बैठक में भाग लेते हुए कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

# नवोदय में प्रवेश के लिए 29 तक करें आवेदन : सुचिता

- आगामी 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को परीक्षा आयोजित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कैथल के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक किया जा सकता है। यह विद्यालय भारत सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित पूर्णतः आवासीय एवं सह-शैक्षणिक है। आगामी 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को परीक्षा आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम की प्राचार्या सुचिता गुप्ता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा कैथल जिले के विभिन्न केंद्रों पर करवाई जाएगी। जिन विद्यार्थियों ने जिला कैथल के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय के कक्षा पांच में अध्ययन किया है, कैथल जिला के निवासी हैं और जिनकी आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के (दोनों तिथियां सम्मिलित) मध्य है, सभी विद्यार्थी परीक्षा में आवेदन के लिए पात्र होंगे। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।



सुचिता गुप्ता

### ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देगी कैथल मैराथन

# मैराथन में बढ़ चढ़कर भाग लें : बाबूलाल

- 13 जुलाई को कैथल में हाफ मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की श्रृंखला में आगामी 13 जुलाई को कैथल में हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ड्रग फ्री हरियाणा थीम पर आधारित इस हॉफ मैराथन में सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं बढ़चढ़ कर भाग लें और इसे सफल बनाएं। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मेगा इवेंट में तीन अलग-अलग कैटेगरी में हजारों धावक भाग लेंगे। इस मैराथन के सफल आयोजन को लेकर सभी संस्थाएं अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें। मैराथन में भागीदारी के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।



**कैथल।** एडीसी अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**मैराथन तीन कैटेगरी में आयोजित होगी**

उन्होंने बताया कि मैराथन तीन कैटेगरी में आयोजित होगी। इसमें 21 किलोमीटर व 10 किलोमीटर की प्रोफेशनल तथा पांच किलोमीटर रन फॉर फन रेस शामिल हैं। रूप पर विभिन्न जगहों पर स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें पानी, फल, ओआरएस, मेडिकल सुविधा आदि की व्यवस्था के साथ साथ विभिन्न विभाग भी अपने स्टाल लगाएंगे। 21 किलोमीटर व 10 किलोमीटर में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों की मैराथन के लिए भी अलग से व्यवस्था की जाएगी। इसलिए सभी आयु वर्ग के लोग इस मैराथन में भाग लेकर ड्रग फ्री हरियाणा के इस यज्ञ में अपनी आहुति डाले। बैठक में भाग लेने वाली संस्थाओं में मुख्यरूप से सेवा संघ, भारत विकास परिषद, एक नई दिशा फाउंडेशन, श्री श्याम रसोई, सरायकी, पंजाबी सेवा सदन, कैथल बाइसिकल क्लब, राधा स्वामी सत्संग भवन, जाट शिक्षण संस्थान, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, जीवन रक्षक दल आदि शामिल रहे। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के सचिव रामजी लाल, डा. बीरबल दलाल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लोन मेले में दिए 25 लाख के ऋण

**कैथल।** दी कैथल केन्द्रीय सहकारी बैंक में प्रबंधक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में लोन मेले का आयोजन किया गया। लोन मेले में 8 एलजी ऋण 16 लाख रु के प्रदान किए गए व 2 व्यक्तिगत ऋण 9 लाख रुपए के प्रदान किए गए। बैंक द्वारा लोन मेले में कुल 25 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। लोन मेले में भारी सख्या में ऋण लेने के इच्छुक सदस्यों ने भाग लिया। महाप्रबन्धक द्वारा बैंक प्रागण में पौधरोपण किया।

### महिला को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैथल।** ढांड पुलिस ने एक महिला को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ढांड थाने के गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि 30 जून को गांव खेडी रायवाली का दीपू उसकी 28 वर्षीय मौसी की लड़की व उसके करीब 8 वर्ष है बेटे को अपने साथ बहला फुसला कर भगा ले गया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांगथली में मारपीट में एक घायल, केस दर्ज

**कैथल।** गांव कांगथली में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कमल सिंह ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 जून को जब वह सैर रोड कांगथली से गुजर रहा था तो एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। हेड कांस्टेबल राजेश ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लावारिस बच्चे को अभिभावकों से मिलाएं

**जींद।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने बताया कि एक बच्चा लावारिस हालत में 21 जून को जुलाना के गोसाईखेड़ा मंदिर में मिला है। जिसकी उम्र करीब नौ वर्ष है तथा वह अपनी पहचान रितिक पुत्र अमित निवासी कैथल बता रहा है। फिलहाल बच्चा कलाम बाल आश्रम जींद में है। बच्चे के माता-पिता, अभिभावक 15 दिनों में जिला बाल संरक्षण कार्यालय जींद या इन नंबरों 01681-245003, 9416513057 व 9728022088 पर सम्पर्क करें।

### मेरिट लिस्ट में नाम आने पर आठ जुलाई तक जमा करवानी होगी फीस

# आईटीआई में दाखिले को लेकर आज जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

### नौ से दस जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में कर सकते हैं बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर तीन जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार मेरिट लिस्ट में जगह पाने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच आईटीआई में फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर होगी और विद्यार्थी आठ जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। इसके बाद दूसरे राउंड के लिए नौ जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। पोर्टल खुलने के बाद नौ से दस जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आईटीआई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी अपने ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 26 जुलाई तक आईटीआई में आकर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 27 जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय रहेगा। जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। वहीं जींद की राजकीय आईटीआई में साढ़े सात हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं।

#### नाम आने पर दाखिला करें सुनिश्चित



राजकीय आईटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा उन्हें चाहिए कि वह निर्धारित समय में फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करें। आवेदन प्रक्रिया के दौरान आईटीआई में 7500 से अधिक आवेदन आए थे। आईटीआई में दाखिले को लेकर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट का शेड्यूल जारी किया गया है। तीन जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिसमें नाम आने वाले विद्यार्थी आठ जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकते हैं।

#### कॉलेजः यूजी कोर्स की दूसरी मेरिट लिस्ट आज

कॉलेजों में यूजी कोर्स में पहली मेरिट लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वे चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फीस भर सकेंगे। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में खाली सीट रह जाती है तो नौ जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन और विषयों में बदलाव को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दस जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फ़ीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फिर 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फ़ीस और 100 रुपये हर रोज लेट फ़ीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।

## आईटीआई की पहली कटऑफ आज, विद्यार्थियों को बेसब्री से इंतजार, दस्तावेजों की होगी वेरीफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा वीरवार को पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी की जाएगी। विद्यार्थियों को मैरिट लिस्ट का बेसब्री से इंतजार है। मैरिट लिस्ट के साथ ही आईटीआई में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट में जिन बच्चों का नाम आएगा तो वे संबंधित आईटीआई में जाकर 3 जुलाई से अपनी मूल प्रमाण पत्रों की वैरीफिकेशन करवाते हुए दाखिला ले सकेंगे। बता दें कि विभाग द्वारा 6 जून से आनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू की थी। पहले चरण में फार्म आनलाइन करने का समय 6 से20 जून तक दिया गया था लेकिन बाद में आवेदन कम आने के कारण इसकी तिथि को 28 जुलाई तक बढा दिया गया था।



**कैथल।** जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल दाखिला कमेटी की बैठक लेते हुए।

#### 1250 सीटों पर 8474 आवेदन

राजकीय आईटीआई कैथल आनलाइन आवेदन में प्रदेश में दितीय स्थान पर रहा है। 1250 सीटों के लिए 8474 आवेदन मिले थे। ऐसे में आइटीआइ कैथल में दाखिले की राह आसान नजर नहीं आ रही है।

**सूची में नाम आने पर दस्तावेजों का वेरीफिकेशन अनिवार्यः** सूची में नाम आने पर सभी विद्यार्थियों की वेरीफिकेशन करवाया जाना अनिवार्य है। यदि कोई भी विद्यार्थी अलाट सीट पर दाखिला नहीं लेना चाहता तो उसे संबंधित आईटीआई में जाकर डाक्यूमेंट वैरीफिककेशन करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा वह दूसरी मैरिट सूची में भाग नहीं ले सकेगा।

**जमा करवानी होगी आनलाइन फीस :** जिन विद्यार्थियों को सीट अलाट होगी वे अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ एक-एक सीट अलाटमेंट की फोटो प्रति लेकर आएंगे। यह अलाटमेंट विद्यार्थी अपने आनलाइन आवेदन के पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। सभी मूल प्रमाण पत्रों की प्रति के साथ-साथ विद्यार्थी को विभागीय फीस भी आनलाइन ही जमा करनी होगी। समयबद्ध फीस न भरने पर सीट को रद्द कर दिया जाएगा।

**सभी तैयारियां पूरीः सतीश मच्छाल :** आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि आईटीआई में दाखिले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 3 जुलाई को पहली मैरिट सूची जारी होगी। दाखिले के लिए दाखिला कमेटियों का गठन कर दिया गया है तथा हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। जिन विद्यार्थियों को सीट अलाट होगी तो वे सभी विद्यार्थी 3 जुलाई को संबंधित संस्थान में पहुंचकर दाखिला लें।

### खंड शिक्षा अधिकारी बने पीएमश्री स्कूल के प्राचार्या राजेंद्र आजाद

- एक अगस्त को ग्रहण करने अपना नया पदभार।

**नरवाना।** प्रवक्ता शिवकरण जांगड़ा ने बताया कि स्थानीय पी0एम0 श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना के प्राचार्य राजेंद्र आजाद पदोन्नति लेकर खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना के पद पर कार्य ग्रहण करेंगे। 1 अगस्त को खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना के पद पर विधिवत रूप से कार्य ग्रहण करेंगे।

गौरतलब है कि प्राचार्य राजेंद्र आजाद के नेतृत्व में इस विद्यालय ने शैक्षणिक का क्षेत्र में अनेक प्रकार के नित नए आयाम स्थापित करने का कार्य किया है। चाहे वह एमबीबीएस के रूप में विद्यार्थियों का चयन होनाए इंजीनियर के रूप मेंए विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक के रूप में राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न प्रतियोगिताओं में नए आयाम स्थापित करते हुए आज विद्यालय पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के रूप में नरवाना क्षेत्र को बेहतरीन सेवाएं दे रहा है। इसके साथ.साथ आजाद के नेतृत्व में तीन बार सचिव के रूप में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन सफलतापूर्वक करवा कर एक रिकॉर्ड कायम किया है?। बीईओ पदोन्नति होने पर राजेंद्र आजाद को बधाई देने वालों में बीईओ नरवाना गुरमुख सिंहएबीईओ कलायत सुरेश नैन, प्राचार्य गण बलजीत गोयत सुमित्रा देवीएसंतोष शर्मा, राजेश टांक पूर्व प्राचार्य किताब सिंह मोर, सामाजिक संस्थाओं राह कल्ब, उम्मीद फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ प्रदीप नैन, शहरी शिक्षा समिति अध्यक्ष डॉ0 अमित सैन आदि सैकड़ो लोगों ने बधाई संदेश सम्प्रेषित किए।

### फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**जींद।** कृषि उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपने फसल के बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। ज्यादा से ज्यादा किसान अपनी फसल बीमित करवाएं ताकि फसल खराब होने पर किसानों को अपनी खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जा सके और सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल सकें। खरीफ सीजन 2025 में आने वाली फसलों का बीमा किसान 31 जुलाई तक अपने बैंक में जाकर करवा सकते है। किसानों को अंतिम तिथि से एक सप्ताह पहले बैंक में लिखित में सूचित करेंगे अन्यथा बैंक द्वारा स्वतः बीमा काट लिया जाएगा।

## पीएमश्री स्कूलों की परीक्षा दोबारा करवाने की मांग

- शार्ट में परीक्षा केंद्रों के नाम देने से कई परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाए।
- एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र का नाम पूरा और स्पष्ट लिखा जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश में पिछले दिनों आयोजित पीएमश्री स्कूल परीक्षा के दौरान एक परीक्षा केंद्र के अस्पष्ट नाम के कारण अनेक शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार एक परीक्षा केंद्र गौड़ ब्राह्मण सेंट्रल स्कूल रोहतक निर्धारित किया गया था लेकिन एडमिट कार्ड पर गौड ब्राह्मण सेंट्रल की बजाय जीबीसी जैसी शार्ट फॉर्म का प्रयोग होने के कारण दूर दराज से आए परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए।

परिणामस्वरूप कई शिक्षक समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सके और परीक्षा देने से वंचित रह गए। इनमें अधिकांश परीक्षार्थी बहादुरगढ़, दिल्ली और भिवानी क्षेत्र से आए थे। कुछ जींद से भी सबंध रखते थे। एडमिट कार्ड में गौड ब्राह्मण सेंट्रल की बजाय जीबीसी जैसी शॉर्ट फॉर्म का प्रयोग होने से ऑटो चालक और अन्य नागरिक भी इस संक्षिप्त नाम से स्कूल का पता नही बता पाए। जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कठिनाई हुई।




**जींद।** एडमिट कार्ड पर शॉर्ट फॉर्म में लिखा गया केंद्र का नाम व स्कूल पर लिखा है पूरा नाम। फोटो: हरिभूमि

#### जताई नाराजगी

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी त्रुटियां न केवल मेहनती शिक्षकों के भविष्य के साथ अन्याय हैं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक भी हैं। परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में पूरी पारदर्शिता और स्पष्टता जरूरी है। हरियाणा सरकार से मांग की है कि भविष्य में एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र का नाम पूराए स्पष्ट और स्थानीय रूप से प्रचलित फॉर्मेट में लिखा जाए ताकि किसी भी परीक्षार्थी को भ्रमित न होना पड़े। एक छोटी सी सावधानी सैंकड़ों उम्मीदवारों का भविष्य बचा सकती है। प्रशासन इस घटना से सीख लेकर आगे की परीक्षाओं में सुधार सुनिश्चित करें।

## बीए स्नातक में 304 छात्रों की पहली पसंद आरकेएसडी

- पहली कट ऑफ से अब तक 832 विद्यार्थी ले चुके दाखिला।

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में स्नातक कक्षाओं में प्रथम मैरिट लिस्ट के अनुसार स्नातक कक्षाओं में 832 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इनमें 450 लड़के एवं 382 लड़कियां दाखिला ले चुकी हैं। सूबह के सत्र में 696 व शाम के सत्र में अभी तक 136 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। बीए एडिड में 304 विद्यार्थियों ने पहली पंसद के आधार पर महाविद्यालय को चुना।

प्राचार्य डॉ सत्यबीर मैहला ने दाखिला समिति के ओवरऑल इंचार्ज डॉ विकास भारद्वाज, नोडल अधिकारी डॉ अनिल जिंदल, स्नातक कक्षाओं के दाखिला इंचार्ज डॉ नरेश गर्ग, बीए स्नातक के इंचार्ज डॉ संजय गर्ग व हेल्प डेस्क इंजार्च डॉ अशोक के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दाखिलों को तुलनात्मक रूप से उत्साहवर्धक बताया।



**कैथल।** कालेज में दाखिला लेते विद्यार्थी।

## मुख्यमंत्री से मिले विधायक जांबा

- सीएम के साथ विधायक ने हलके विकास को लेकर की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से पूंडरी हलके के विधायक सतपाल जांबा ने उनके चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री निवास 'संत कबीर कुटीर' पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पूंडरी मंडल अध्यक्ष मनोज राणा सहित मंडल कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों, संगठनात्मक मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने विधायक जांबा को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे अपने हलके में निष्ठा व लगन से कार्य करते रहें, सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए ग्रांट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सीएम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है, और इसमें जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद अहम है। विधायक ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी व लंबित योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने का आग्रह भी किया। क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं जैसे सडक निर्माण, जल निकासी, स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल रही।



**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा के साथ मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए कार्यकर्ता।

## गरीब परिवारों के सरसों तेल के दाम बढ़ाने से रोष

- जनवादी महिला समिति ने की फैसला वापस लेने की मांग

**जींद।** जनवादी महिला समिति राज्य कमेटी ने बीपीएल परिवारों को दिया जाने वाले सरसों के तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए हरियाणा सरकार से इस बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग की है। जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष आशा, सचिव कोशिगन व कोषाध्यक्ष नूतन प्रकाश ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक तरफ बढ़ती बेरोजगारी ओर दूसरी तरफ महंगाई ने आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल कर दिया है। यहां तक कि पिछले कुछ सालों से अनाज, दाल, तेल, दूध, सब्जियां आदि जरूरी चीजों की कीमतों में 24 से लेकर 120 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमत लगातार बढ़. रही हैं। देश में भूख और कुपोषण की स्थिति बेहद गंभीर है। वैश्विक भूख सूचकांक के 2024 के अनुसार भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है। फिर भी भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं में 40 प्रतिशत का बजट काट दिया है।

## कोर्ट ने बढ़ाया खापों का मानः कंडेला

- विवाद निपटाने के लिए खापों को मिली कानूनी जिम्मेदारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामुदायिक विवादों के समाधान में महत्वपूर्ण पहल की है। न्यायालय ने मध्यस्थता अधिनियम 2023 के तहत सामुदायिक मध्यस्थता के प्रावधानों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका के रूप में सुनवाई के लिए स्वीकार किया है। खाप प्रधान धर्मपाल कंडेला ने कहा कि कंडेला खाप पिछले चार वर्षों से हरियाणा की खापों को सामाजिक हित में कानूनी मान्यता देने की मांग कर रही थी। जिससे लोगों के विवादों का निपटारा गांव में ही किया जा सके। कुछ प्रकाशित रिपोर्टों में देश में पांच करोड़ से अधिक मामले न्यायालयों में लंबित हैं। खापें कुछ घंटों में ही वर्षों से चले आ रहे विवादों का निपटारा करने में सक्षम हैं। उच्च न्यायालय ने माना कि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक सामाजिक विवादों को सुलझाने में खाप पंचायतों की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। यदि इन पारंपरिक संस्थाओं को वर्तमान कानूनी व्यवस्था, विशेषकर सामुदायिक मध्यस्थता के साथ जोड़ा जाए तो यह समाज में संवादए शांति और सामंजस्य की नई परिभाषा स्थापित कर सकता है। जिसका उद्देश्य पड़ोसियों, परिवारों और समुदायों के बीच आपसी मतभेदों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाना है। यह प्रक्रिया पारंपरिक मुकद्मेबाजी की तुलना में अधिक सुलभ, त्वरित और कम खर्चीली साबित होगी।




## सरसों तेल के दामों में वृद्धि कर डाला गरीबों पर ढाका

- डिपो पर मिलने वाले सस्ते तेल के रेट बढ़ाने पर जताया रोष।

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीपीएल परिवारों को राशन डिपो पर मिलने वाले सरसों के तेल को चालीस से बढ़ाकर सौ रुपये कर दिया है। यह बढ़ोत्तरी 66 प्रतिशत से भी अधिक है। भाजपा सरकार ने खाना पकाने के तेल में बेतहाशा वृद्धि करके गरीबों पर ओर बोझ डाल दिया है। भाजपा सरकार एक के बाद एक जनविरोधी फैसले ले रही है। अप्रैल महीने में रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपये बढ़ोत्तरी की गई थी। अब रसोई गैस सिलेंडर 400 रुपये से बढ़कर 855 रुपये तक पहुंच गया है। बार-बार बढ़ाए गए दामों के कारण हुआ है। पेट्रोल, डीजल के बार-बार बढ़ाए गए दामों के कारण महंगाई बढ़ी है। हाल ही में टोल प्लाजा के बढ़ाए गए रेट व एक जुलाई से रेल भाड़ों में की गई वृद्धि से लोग त्रस्त हैं। हरियाणा में अभी बिजली की दरों में भी भारी वृद्धि की गई है। भाजपा सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे इन फैसलों से लोग तंग आ चुके हैं व स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। कपूर सिंह ने कहा कि वर्तमान में असमानता व्यापक स्तर पर बढ़ी है। प्रदेश की कुल आबादी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है।

**आयोजन** स्वावलंबी भारत अभियानः ऋण राशि से छह हजार महिलाएं लाभांवित होंगी : राजन चिल्लाना

# स्वयं सहायता समूहों को 30 करोड़ के चैक वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष तथा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत बुधवार को डीआरडीए के सभागार में 1500 महिला संयुक्त देयता समूहों को 30 करोड़ रुपये की राशि के चैक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में ओमप्रकाश ढांडा चेयरमैन जींद केंद्रीय सहकारी बैंक, कुलदीप प्रांत संगठक स्वदेशी जागरण मंच सहित अनेक गणमान्य लोग रहे।




**जींद।** महिलाओं को ऋण का चैक देते राजन चिल्लाना।

#### ऋण योजना से 6 हजार महिलाएं होंगी लाभांवित

महाप्रबंधक ओमप्रकाश ढांडा ने बताया कि बैंक द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से कुल 1500 महिला सयुंक्त देयता समूहों को 30 करोड़ रुपये के ऋणों का वितरण किया जा रहा है। जिससे छह हजार महिलाएं लाभांवित होंगी। इस ऋण द्वारा लाभांवित महिला स्वरोजगार उद्यम शुरू करेगी तथा आत्मनिर्भर बनेगी। सहकारी बैंक द्वारा भविष्य में भी महिला सशक्तिकरण के लिए अधिक से अधिक योग्य स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके।

#### महिला सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रहे बैंक

मुख्यअतिथि राजन चिल्लाना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सहकारी मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना देश में सहकारिता के संस्कार को पुनर्जीवित करने तथा सहकारिता से समृद्धि के नए परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर की है। देश के हर व्यक्ति के लिए रोजगार के सृजन के लिए सहकारिता के सिवा कोई अन्य विकल्प नही है और इसी महत्व को देखते हुए सयुंक्त राष्ट्र द्वारा साल 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और इस प्रकार के त्रण वितरण कार्यक्रम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कुलदीप, प्रिया साहनी, जयप्रकाश सोनी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने देयता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। जहां महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया था। इन स्टालों में महिलाओं के कौशल और उद्यमिता की झलक देखने को मिली। जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमाण है।